अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 2 सितंबर 2020

PAGE NO. 06 : TOP

एसआरएमएस के डॉक्टरों ने कोविड पाजिटिव बच्चे की जान बचाई

बरेली। एसआरएमएस अस्पताल के डॉक्टरों ने कोविड पाजिटिव एक वर्ष के बच्चे का सफल आपरेशन कर जान बचा ली। नैनीताल के गांव कोटाबाग स्थित यह बच्चा जन्म से बीमार रहता था। बच्चे को शनिवार को गंभीर अवस्था में एसआरएमएस अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में डॉ. अतुल कुमार की सलाह पर बच्चे को न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. शशांक शाह को दिखाया गया। कई प्रकार के टेस्ट के बाद उसे मैनेजजाइटिस और दिमाग के टीबी का पता चला और तत्काल आपरेशन का निर्णय लिया गया। कोविड से बचाव के सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए डॉक्टरों की टीम ने बच्चे का आपरेशन किया। आपरेशन में एनीस्थिसिया के एचओडी डॉ. प्रदीप साही, डॉ. अलंकृता और डॉ. सांची का योगदान रहा।